卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 209 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦10 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

समस्त क्षेत्रवासियों को अक्षय तृतिया की हार्दिक शुभकामनायें
अल्मोड़ा ज्वैलर्स
हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।
20,000 की खरीद पर निश्चित उपहार
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध है।
मो. 9012749183
ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर

# तीन धामों के खुले कपाट, चारधाम यात्रा शुरू

## केदारनाथ धाम में सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम से की पहली पूजा, हजारों श्रद्धालु बने कपाट खुलने की प्रक्रिया के साक्षी

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। श्रद्धालुओं के लिए केदारनाथ धाम के साथ ही गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के बाद दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ पहुंची। वहीं यमुनोत्री और गंगोत्री के रहे और बाबा केदार का आशीर्वाद लिया। उन्होंने केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा कराई और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी अपनी पत्नी गीता के साथ केदारनाथ में द्वार खोले जाने की प्रक्रिया के साक्षी बने। उन्होंने





हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। शुक्रवार सुबह सबसे पहले 7 बजे विधि-विधान से केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के खोले गये। इस कपाट भी विधि विधान से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। केदारनाथ धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर सीएम धामी अपनी पत्नी गीता धामी के साथ मौजूद शुक्रवार को अक्षय तृतीया के मौके पर श्रद्धालुओं के लिए तीन धामों के कपाट खोले गए और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा आरंभ हो गई। पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा कराई। इस दौरान बम-बम भोले और बाबा केदार की जय के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बाबा केदार के दर्शन को परिवार सहित पहुंची अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी



देहरादून। कपाट खुलने के बाद आज केदार नाथ धाम में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने परिवार के साथ बाबा केदार के दर्शन किये और आशीर्वाद लिया। जौलीग्रांट हेलीपैड से शुक्रवार को दो धामों के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू की गई। जौलीग्रांट से पहली उड़ान में शिल्पा शेट्टी उनकी बहन शमिता शेट्टी और उनका परिवार केदारनाथ के लिए रवाना हुआ। जौलीग्रांट हेलीपैड से रुद्र रुद्राक्ष एविएशन कंपनी के एमआई 17 हेलीकॉप्टर ने दो धामों के लिए सेवाएं शुरू की हैं। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर जौलीग्रांट (शेष पृष्ठ 7 पर)

समस्त क्षेत्रवासियों को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनायें
चाँदना ज्वैलर्स
मो०- 98375 88917, 98375 60882, 89589 87602
Deals In Gold Silver And Diamond
मेन बाजार, पंजाबी मार्केट, रुद्रपुर
प्रो०राजेन्द्र चाँदना
यतिन चाँदना,भव्य चाँदना

समस्त क्षेत्रवासियों को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनायें
KAMAL JEWELLERS
मो. 9719229595 9837143323 हॉल मार्क ज्वैलरी ही मिलती है
Branded Diamond Jewellery Off 5%
Making Charges On Diamond Jewellery 0%
Making On Gold Jewellery Labour Off 20%
Main Market Opp. Dewan Building Rudrapur (U.S. Nagar) Uttarakhand-263153

# चौकी में दारू पार्टी, इंचार्ज समेत चार निलंबित

## शिकायत लेकर चौकी आये लोगों से सिपाही ने की मारपीट, मामले की होगी जांच



रूद्रपुर/जसपुर (उद संवाददाता)। जसपुर क्षेत्र की पतरामपुर चौकी में बृहस्पतिवार रात मित्र पुलिस की दबंगई और अनुशासनहीनता का बड़ा उदाहरण सामने आया। चौकी इंचार्ज की अनुपस्थिति में चौकी के सिपाही अन्य बाहरी लोगों के साथ दारू पार्टी कर रहे थे। इसी बीच 112 पर आई मारपीट की सूचना पर चौकी के पुलिस कर्मी एक व्यक्ति को चौकी उठा लाये। जब उसकी पैरवी करने कुछ लोग पहुंचे तो नशे में धुत सिपाही ने उनसे बदसलूकी और मारपीट की। शिकायत पर जब पुलिस के अधिकारी चौकी में पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गये। इस पूरे मामले में एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने सख्ती से एक्शन लेकर बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे चौकी इंचार्ज सहित तीन सिपाहियों को निलंबत कर दिया है और मामले की जांच के आदेश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंतरामपुर चौकी की बैरक में बीती रात चौकी के सिपाही शराब पी रहे थे। इसी बीच 112 पर सूचना मिली कि दो पक्षों में मारपीट हो गयी है। मारपीट में एक व्यक्ति को बुरी तरह पीटे जाने की सूचना थी। इस सूचना पर पतरामपुर चौकी (शेष पृष्ठ सात पर)

### पूर्व विधायक शुक्ला की बदजुबानी का मामला पहुंचा सीएम दरबार

# सीएम से बोले बेहड़—मैं पागल हूं तो सरकारी खर्चे पर मेरा इलाज कराओ



किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ ने देहरादून में मुख्यमंत्री कार्यालय में उत्तराखण्ड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को एक पत्र सौपा जिसमें कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राजेश शुक्ला ने ग्राम नजीमाबाद में उनका मानसिक संतुलन खराब बताते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। बेहड़ ने पत्र के माध्यम से कहा कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा अपने भाषण में कहा गया है कि बेहड़ का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है उनका इलाज दिल्ली के ऐम्स या आगरा में चेकअप कराया जाए इनकी आँखे भी खराब हो गयी है आँखों की भी जांच कराई जाए। बेहड़ ने सीएम से कहा कि इस तरह की बात आपकी पार्टी के नेता ने एक नहीं बल्कि अनेको सभाओं में व सोशल मीडिया में बयान देकर कही है। उत्तराखण्ड की राजनीति में इस तरह की भाषा का प्रयोग (शेष पृष्ठ सात पर)

# आरसीएल के डंपर सड़कों पर उड़ा रहे धूल के गुबार

## निर्माणाधीन फोरलेन में चल रहा मिट्टी भरान, गंभीर हादसों की आशंका

काशीपुर(उद संवाददाता)। जसपुर रोड पर निर्माणाधीन फोरलेन में मिट्टी भरान कर रहे आरसीएल (राज कॉरपोरेशन लिमिटेड) के डंपरों ने जहां एक और आसपास के ग्रामीणों का जीना दुश्वार कर दिया है वही बेतहाशा सड़कों पर मिट्टी का गुबार उड़ने के कारण गंभीर दुर्घटनाओं से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इस बारे में जब कंपनी के प्रबंधक जावेद खान से जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने बताया कि मिट्टी खनन से लेकर भरान व ढुलाई के कार्य मानकों के अनुरूप किये जा रहे हैं जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग के द्वारा दिए गए मानकों की यहां खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से यहां कुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जसपुर रोड पर फोरलेन के निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में मिट्टी भरने का अनुबंध राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा मैनपुरी उत्तर प्रदेश की आरसीएल (राज कॉरपोरेशन लिमिटेड) के द्वारा पिछले कुछ माह से कराया जा



रहा है। यह कंपनी ढेला नदी से पोकलैंड व जेसीबी मशीनों के जरिए मिट्टी खनन कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जो मानक सरकार द्वारा कंपनी को दिए गए हैं उन मानकों को दरकिनार कर खनन कार्य किया जा रहा है। खनन कार्य में कंपनी के लगभग डेढ़ दर्जन डंपरों को लगाया गया है जो नदी से मिट्टी लोड कर गंतव्य तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में ग्राम सरवरखेड़ा, मिस्सरवाला व बैलजोड़ी के ग्रामीणों का आरोप है कि सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक सड़कों पर मौत के मानिंद दौड़ रहे मिट्टी से ओवरलोड डंपरों के कारण जहां एक और गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी है वही जसपुर रोड मुख्य मार्ग पर चारों ओर धूल ही धूल फैली पड़ी है। मानकों की अनदेखी कर आरसीएल कंपनी के डंपर मिट्टी को ना तो ढंककर गंतव्य तक ले जा रहे हैं और ना ही पानी का छिड़काव किया जा रहा है ऐसे में आसपास के ग्रामीणों समेत मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों की शामत है।कंपनी के जनरल मैनेजर से जब इस बारे में मोबाइल फोन पर बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया दूसरी ओर प्रबंधक जावेद खान द्वारा मनमाने ढंग से काम को अंजाम दिया जा रहा है। आरसीएल के अनुबंध को निरस्त कराने के लिए पत्राचार की बात कही गई है।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज अपनी पत्नी श्रीमती गीता धामी के साथ बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे और कपाटोद्घाटन के साक्षी बने। इस दौरान सीएम धामी भोलेनाथ की भक्ति में रमे नजर आए और डमरू बजाकर भारी सख्या में मौजूद बाबा के भक्तों का उत्साह भी बढ़ाते हुए नजर आए।

# मदर्स डे पर वीरांगना ग्रुप आयोजित करेगा वाकथन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आगामी 12 मई को मदर्स डे के मौके पर वीरांगना ग्रुप द्वारा वाकथन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष रेनू अरोरा ने बताया कि नगर के इतिहास में पहली बार वीरांगना ग्रुप की ओर से वाकथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर की माताएं, बहनें अपने बच्चों के साथ कदम से कदम साथ साथ चलने का प्रयास करेंगी। उन्होंने बताया कि 12 मई को प्रात: 5 बजे से वाकथन गांधी पार्क से प्रारम्भ होकर पीएसी के पहले गेट पर सम्पन्न होगी। तत्पश्चात गाधी पार्क में सभी को जलपान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस वाकथन का उद्देश्य बच्चों में माता पिता के प्रति जागरूकता व समर्पित भाव को प्रेरित करना है। वाकथन में मातायें बहनें अपने समस्त पारिवारिक सदस्यों को शामिल कर सकती हैं। रेनू अरोरा ने बताया कि वीरांगना ग्रुप भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रुप की उर्वशी गाबा, रोजी, रचना, आरती, पूजा, स्वाती, प्रीति, नीता, रानी आदि सहयोग कर रही हैं।

# घर में घुसकर परिजनों पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ठाकुरनगर ट्रांजिट कैम्प पुत्री के साथ अभद्रता का विरोध करने पर कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर परिजनों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गुडिया पत्नी बाबू राम शर्मा निवासीठाकुर नगर ने कहा है कि 21 अप्रैल को रात्रि 8:30 बजे वह बसंती मार्ट शिव नगर में किसी काम से गयी थी तो साई मंदिर के पास वाली गली में उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले लड़के अभिषेक ने उसकी लड़की का हाथ पकड़ रखा था जिस पर अभिषेक को डांटा तथा डांट डपटकर अपनी लड़की को घर ले आयी। परंतु उसके घर पहुंचते ही पीछे पीछे अभिषेक की मां, उसकी बहन कंचन, जीजा, भाई विकास, विशाल तथा अभिषेक के पिता अपने 2-3 अन्य साथियो के साथ घर में घुस आये और घर में मौजूद पति बाबू राम को गालियां देते हुये बुरी तरह लात घूसो डण्डो, लोहे के पाइप से बुरी तरह से मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उसे धक्का देकर गिरा दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पति को इलाज के लिये जिला हॉस्पिटल ले गयी जहां डॉक्टरो द्वारा पति को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के लिये रैफर कर दिया गया तब से पति की हालत नाजुक है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पत्रकार आरिफ का हार्ट अटैक से निधन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पत्रकार आरिफ खान उर्फ बबलू का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर तमाम पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है। मूल रूप से पीलीभीत निवासी निवासी आरिफ खान लम्बे समय से हल्द्वानी में पत्रकारिता कर रहे थे। अचानक विगत रात्रि में हृदय गति रूकने से उनका निधन हो गया। सरल स्वभाव के आरिफ खान उर्फ बबलू बेग के निधन की खबर से हर कोई स्तब्ध रह गया। मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गई । पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक हुई जिसमें आरिफ के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में अशोक गुलाटी, उर्वादत्त भट्ट,अशोक सरकार ,गुड्डू खान ,अतुल सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद थे। पत्रकारों ने 2 मिनट मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# अवैध खनन की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने मारा छापा, चार जेसीबी पकड़ी

किच्छा(उद संवाददाता)। तहसील क्षेत्र अंतर्गत एन एच के नाम पर अवैध रूप से खनन की शिकायत पर हल्का पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा खनन क्षेत्र पर छापे की कार्यवाही की गई। तहसील प्रशासन द्वारा खनन क्षेत्र में की गई कार्यवाही से अवैध खनन में लगे लोगों में हड़कंप मच गया। खनन कारोबारी मौके पर अपने वाहनों को छोड़कर भाग गए। तहसील प्रशासन ने चार जेसीबी को कब्जे में लिया। मौके पट्टों की जांच पड़ताल की जा रही है प्रशासन को सूचना मिली थी कि एनएच के नाम पर मिट्टी उठान की अनुमति के सहारे कुछ लोग अवैध रूप से खनन कर रहे हैं जिस पर प्रशासन द्वारा मौके पर छापामार की कार्रवाई की गई। जानकारी में आया है कि हल्का पटवारी द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ मौके का निरीक्षण किया गया तो कुछ अवैध खनन में लिप्त लोगों द्वारा हल्का पटवारी से अभद्रता भी की गई तथा सरकारी वाहनों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया किंतु हल्का पटवारी दीपक द्वारा इस बात से इनकार किया गया



है। जबकि खनन में लगी कुछ जेसीबी मशीनों को प्रशासन द्वारा कब्जे में लिया गया है हालांकि अभी तक खनन में लगे किसी भी वाहन को सीज करने या जब्त करने की कार्यवाही नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि काली मंदिर से कुछ दूर एनएच में मिट्टी भरण हेतु सरकार द्वारा लोगों को मिट्टी खनन का पट्टा दिया गया है किंतु जिस रूप में चिन्हित क्षेत्र से मिट्टी उठाने का कार्य किया जा रहा है वह आम जनमानस के गले नहीं उतर रही है जिससे खनन में लोगों पर अवैध रूप से खनन करने का आरोप लगता रहा है प्रशासन द्वारा भी समय समय पर क्षेत्र का निरीक्षण कर खामियां पाए जाने पर खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाती रही है किंतु खनन में लगे लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक तहसील प्रशासन मौके पर मौजूद था।

# खटीमा पालिका के विस्तार की अधिसूचना पर मनाया जश्न

खटीमा(उद संवाददाता)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एकत्रित होकर खटीमा नगर पालिका के विस्तार की अधिसूचना जारी होने पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से मुख्य चौक तक जुलूस निकालकर एवं मुख्य चौक पर मिष्ठान वितरण कर एवं भाजपा सरकार ने वर्षों से चली आ रही स्थानीय जनता की इस मांग को मानकर खटीमा के लोगों को तोहफा दिया है। जिसके लिए सभी खटीमा वासी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट करते हैं। नगर अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, जिला महामंत्री मोहनी पोखरिया, मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन जोशी, सतीश गोयल, अंजू देवी, अमित चिलकोटी, रमेश जोशी,अमित पांडे, महेंद्र ठाकुर, तरुण ठाकुर, रेनू भंडारी, करण यादव, अनीता ज्याला, सूरज धामी, इंदिरा चंद,




आतिशबाजी कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि खटीमा नगर पालिका का परिसीमन होने से अब उम्र खुर्द, ऊंची महुवट, गोसी कुआं, भुडाई, मुंदेली, नोगवा ठग्गू आदि क्षेत्र नगर पालिका के साथ जुड़ जाएंगे। सतीश गोयल सहित सभी भाजपाईयों ने परिसीमन के निर्णय पर पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल चौहान, विमला बिष्ट, कामिल खान, किशोर जोशी, हाफिजुर रहमान, गंभीर सिंह धामी, मनोज, महेश राणा, प्रमोद गहतोड़ी, नवल वाल्मीकि, नीलू गुप्ता, आलोक गोयल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने किया।

# स्वास्थ्य व प्रशासन की टीम ने अवैध क्लीनिक किया सीज

रामनगर (उद संवाददाता)। शहर के साथ ही आस पास के ग्रामीण इलाकों में लगातार झोलाछाप डॉक्टर की बाढ़ आ गई है। उपचार के दौरान कई गरीब व मासूम इन झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से अपनी जान भी गवा चुके हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर झोला छाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर पूर्व में कई बार अभियान चलाए गए हैं लेकिन मात्र एक या दो दिन अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन के अधिकारी अपनी आंखें मूंद कर बैठ जाते हैं जिससे लगातार झोलाछाप डॉक्टर का आतंक बना हुआ है। मामले में रामनगर में एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग को प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की जिसके बाद झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया तथा कई



झोलाछाप डॉक्टर अपने अवैध क्लीनिक बंद कर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रशांत कौशिक ने बताया कि मौहल्ला खताडी में निश्चय क्लीनिक के नाम से संचालित हो रहे इस अवैध क्लिनिक के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर जिलाधिकारी वंदना सिंह से शिकायत की गई थी उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद एसडीएम द्वारा गठित टीम ने मौके पर जाकर देखा तो उक्त क्लिनिक संचालक डॉक्टर पीतांबर सिंह टीम को मौके पर क्लिनिक को लेकर कोई भी वैध प्रपत्र नहीं दिखा पाया तथा मौके पर भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयां का भंडारण भी पाया गया डॉक्टर कौशिक ने बताया कि इस मामले में उक्त क्लीनिक को सील करने के साथ ही 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की भी कार्रवाई की गई है तथा रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

# शारदा रानी की पुण्य तिथि पर फल वितरित

किच्छा(उद संवाददात)।अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा की माता स्व. श्रीमती शारदा रानी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनको विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर गरीबों में फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती शारदा रानी के बताए आदर्शो पर चलकर हम जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर राजकुमार बजाज, तोताराम, शशि बजाज, सर्वेश सिंह ,सत्यनारायण कनोडिया, रोहित कुमार, सुनील सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# कुत्तों से टाइगर को खतरा: एनटीसीए और वन महकमा सतर्क

## केनाइन डिस्टेंपर वायरस से टाइगर,गुलदार को बचाने के लिए प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

रामनगर(उद संवाददाता)। बाघ से कुत्तों को खतरा होना यह तो आम बात है पर एक वायरस की वजह से टाइगर को कुत्तों से खतरा पैदा हो गया है। इसी खतरे को भांपते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने देश के सभी टाइगर रिजर्व के लिए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग सिस्टम (एसओपी) जारी किया है। जिसमें टाइगर रिजर्व के आस-पास के गांवों में रह रहे आवारा कुत्तों का टीकाकरण और बधियाकरण करने समेत कई निर्देश दिए गए हैं। बाघों को कुत्तों से सीधे तौर पर तो कोई खतरा नहीं है , लेकिन केनाइन डिस्टेम्पर डिजीज नामक वायरस जो कुत्तों से फैलता है यह बाघों को भी अपनी चपेट में ले सकता है। केनाइन डिस्टेंपर वायरस से टाइगर, गुलदार को बचाने के लिए प्रोजेक्ट को सरकार से मंजूरी मिल गयी है,अब जल्द ही कॉर्बेट पार्क से लगते लैंडस्केप क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जायेगा। बता दें कि आवारा कुत्तों के जरिये



जंगल में बाघ, तेंदुआ जैसे वन्यजीवों में सीडीवी (केनाइन डिस्टेंपर वायरस) बीमारी पहुंच सकती है।कुत्तों से सीडीवी बीमारी वन्यजीवों में ट्रांसमिट होती है। जब बाघ, तेंदुआ आदि उसका शिकार करते हैं तो वह खतरनाक वायरस उनमें पहुंच जाता है।यह बीमारी दिमाग को प्रभावित करती है। वन्यजीव में तेज बुखार, लकवा के रूप में इसके लक्षण देखने को मिलते हैं, जिसके बाद उनकी मौत हो जाती है। बीमारी के खतरे को देखते हुए एनटीसीए और वन महकमा सतर्क हो गया है। जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ धीरज पांडे ने बताया कि केनाइन डिस्टेंपर वायरस को लेकर पूर्व से ही कॉर्बेट प्रशासन अलर्ट मोड में रहा है ,उन्होंने कहा कि अलग-अलग पार्कों में के-9 डिस्टेंपर वायरस से बाघों व शेरों की मौत के मामले पूर्व में रिकॉर्ड हुए है,उन्होंने कहा कि नेपाल में भी इस वायरस से 4 बंगाल टाइगर की मौत हो चुकी है, उन्होंने कहा कि इसको रोकने को लेकर हमारे द्वारा एक प्रोजेक्ट बनाया गया था जिसको मंजूरी मिल चुकी है और उत्तराखंड का कॉर्बेट पार्क पहला ऐसा पार्क है जिसको इसको लेकर मंजूरी मिली है, उन्होंने कहा कि कॉर्बेट पार्क व आसपास के क्षेत्र में रहने वाले आवारा कुत्तों को हमारे द्वारा वैक्सीनेट करने की कार्रवाई अब जल्द शुरू की जायेगी जाएगी।

# मध्यप्रदेश के पर्यावरण प्रेमी अनुज चौरडिया ने खरीदे देवदार, पांगर, बेलपत्र ,उतीस के पौधे

धरमघर(उद संवाददाता)। वैसे उत्तराखण्ड को प्रकृति का अनमोल रत्न कहा जाता है, वही यहां विभिन्न प्रकार के पादपों और चारा पत्ती के प्रजाति की भरमार है जिनमें देवदार,पद्म,पांगर ,बेलपत्र,उतीस के औषधीय प्रजाति के साथ साथ पशुओं के चारे के लिए बहुउपयोगी समझी जाती है, जहाँ यहां के पर्यावरण प्रेमी प्रतिवर्ष पेड़ रोपित करते है पर कुछ समय बाद रोपण किए गए पौध उचित संरक्षण के अभाव में सूखकर नष्ट हो जाते हैं, वही प्रतिवर्ष जिले के खड़िया खदानों में पर्यावरण संरक्षण के लिए लाखों पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण में कार्य करने का सरकारी फाइलों में खूब दिखावा होता।है, फोटो खींचकर बिभिन्न पर्यावरण संरक्षण करने वाली संस्थाओं को फोटो वीडियो और खबरें बनाकर भेजी जाती है, और



पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने का दिखावा किया जाता है पर धरातल में लाखों पेड़ रोपित तो किए जा चुके है पर उसके बाद धरातलीय परीक्षण के लिए कोई भी अधिकारी संस्था द्वारा रोपित किए गए पौधों के बारे में जानकारी नही लेते है, वही मध्य प्रदेश से आए एक पर्यावरण प्रेमी प्रेमीअनुज चौरडिया ने धरमघर स्थित वन विभाग की नर्सरी से सैकड़ों देवदार,पद्म,पांगर,बेलपत्र,उतीस के पेड़ खरीदकर पोस्ट आफिस के माध्यम से डाक द्वारा अपनी वाटिका को भेजे है। जहां लोग बनों में आगलगाकर बहुमूल्य वन संपदा को नष्ट कर रहे हैं वहीं लोग खर्च कर पहाडोंघ से पेड़ लेकर अपने शहर को हराभरा कर रहे हें।अनुज चौरडिया ने बताया कि मध्यपर्देश के इंदौर में फारेस्ट की भूमि में प्लांटेशन कर रहे है।

# कुमाऊं दौरे पर पहुंचे महेंद्र भट्ट का जोरदार स्वागत

नैनीताल(उद संवाददाता)। निकाय चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कुमाऊं के दौरे पर है। इस दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उसके साथ निकाय चुनाव को लेकर चर्चा कर रहे हैं। कुमाऊ दौर पर आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम् राज्य सभा सदस्य महेंद्र भट्ट का आज नैनीताल जिले में पहुंचे पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान श्री भट्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए आगामी निकाय चुनाव पर खुलकर चर्चा की। श्री भट्ट ने कहा कि पूरे विश्व में आज भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर सामने आई है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के बलबूते पर भाजपा तीसरी बार भी केंद्र में सरकार बनाने जा रही है। श्री भट्ट ने कहा कि यशस्वी मुख्य मंत्री पुष्कर सिह धामी जी के नेतृत्व में जिस



तरह 4 जून को लोकसभा की 5 सीटो पर कमल खिलेगा,उसी तरह निकाय चुनाव में भी प्रदेश की जनता भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनायेगी। श्री धामी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में भारतीय जानता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओ की मेहनत के बलबूते पर निकाय चुनाव में इस बार भी भाजपा का परचम लहरेगा। श्री भट्ट ने सभी कार्यकर्ताओं से व्यापक चर्चा करते हुए निकाय चुनाव में एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशियों को निकाय चुनाव में विजयी बनाने की अपील की। कार्यकर्ताओं से चर्चा के दौरान भाजपा के वरिष्ट नेता तरुण पंत, पूर्व प्रधान एवम् पूर्व पार्षद सुरेश गोरी, राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी भी मौजूद थे।

# अक्षय तृतीया पर आंगनबाड़ी केंद्र पर किया विशेष कार्यक्रम

गदरपुर(उद संवाददाता)। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर वार्ड नंबर 7 के आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय पर विशेष कार्यक्रम करते हुए महिलाओं को बाल विवाह पर रोक लगाने हेतु जागरूक किया गया । वार्ड नंबर 7 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती गीता सक्सेना द्वारा केंद्र में पंजीकृत बच्चों की माताओं एवं युवतियों को स्वास्थ्य रक्षा के लिए 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह न करने हेतु जागरूक किया गया,उन्होंने कहा



कि सरकार द्वारा निर्धारित 18 वर्ष की आयु के उपरांत ही बालिका, बालिग की अवस्था में आती है तभी उसका विवाह होना चाहिए उन्होंने कहा यदि कोई परिवार इस नियम का उल्लंघन करता है तो उसकी शिकायत थाने एवं बाल विकास परियोजना को की जा सकती है ताकि बाल विवाह पर लगाम लग सके। इस मौके पर सहायिका किरण बाला, मीनाक्षी,बबीता,रितु ऊषा, सिया सहित बालिकाएं मौजूद रहीं।

# प्रशिक्षु आईएएस राज्यपाल से मिले

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में उत्तराखण्ड कैडर के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी दीपक सेठ, आशिमा गोयल एवं राहुल आनंद ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे भाग्यशाली हैं



कि उन्हें देवभूमि उत्तराखण्ड की सेवा करने का मौका मिला है। वार्ता के दौरान राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि भविष्य में उत्तराखण्ड की जनता के समग्र कल्याण के लिए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों का राज्य है और अधिकारियों को यहाँ की चुनौतियों व संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन का हुआ शुभारम्भ

गूलरभोज(उद संवाददाता)। राधा कृष्ण मंदिर नई बस्ती बंगाली कॉलोनी गूलरभोज में श्री श्री अखण्ड महानाम महाानम संकीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समापन 11 मई दिन शनिवार प्रात 6:00 बजे होगा। महानाम संकीर्तन में कीर्तनमंडलियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विश्वजीत मंडल, सुमित बैरागी, जयंत विश्वास, कृष्ण अधिकारी, उज्जवल विश्वास, निमाई विश्वास, निर्मल मिस्त्री, राधे भाई, डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, अमित कुमार, नितई मंडल आदि उपस्थित थे।



# राज्यपाल ने दी अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली एवं सभी सुखों को प्रदान करने वाली अक्षय तृतीया की पावन तिथि सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने कामना की है कि माँ लक्ष्मी जी की कृपा से सभी के जीवन में समृद्धि, सौभाग्य व सफलता का संचार हो एवं सबके अन्न, धन और विद्या में वृद्धि हो। राज्यपाल ने 10 मई अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री, यमुनोत्री एवं केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के शुभ अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के भक्तिमय, सुगम व सुखद चारधाम यात्रा की कामना की है।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# संत निरंकारी मिशन का समर्पण दिवस 13 मई को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में 'समर्पण दिवस' का आयोजन सोमवार,



13 मई को सांय 5 बजे से सांय 7 बजे तक, संत निरंकारी सतसंग भवन गौजाजाली बरेली रोड में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। यह जानकारी देते हुए निरंकारी मिशन के प्रवक्ता ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी प्रेम एवं करूणा की सजीव मूरत थे। उन्होंने अपनी सादगी और दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया अपितु समस्त मानव जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई। यही कारण रहा कि वह प्रत्येक वर्ग के लोगों के सदैव प्रिय बने रहे। बाबा जी ने एक पथप्रदर्शक बनकर हर भक्त का हाथ थामा ताकि वह एक सहज एवं सशक्त जीवन जी पाए। आध्यात्मिक जागरुकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में बाबा जी ने अपना सकारात्मक योगदान दिया जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जाँच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, इत्यादि जैसी परियोजनाएं अहम है। न्दीवद बाबा हरदेव सिंह जी ने सतगुरु रूप में 36 वर्षो तक निरंकारी मिशन की बागड़ोर सम्भाली। उनके अथक प्रयासों का ही सकारात्मक परिणाम है कि मिशन विश्व के प्रत्येक महाद्वीप में 60 राष्ट्रों तक पहुंच चुका है जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज की कल्याणकारी सेवाओं का आयोजन निरंतर हो रहा है। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में मान्यता भी प्राप्त हुई। संसार में अमन, शांति कायम करने के लिए युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने ''एकत्व में सद्भाव,'' ''वसुधैव कुटुम्बकम,'' और ''एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ'' इत्यादि जैसे अनेक दिव्य संदेश दिये जिसमें निसंदेह लोक कल्याण की भावना निहित है। इसके अतिरिक्त आपने परस्पर प्रेम और मिलवर्तन के भावों को सुदृढ़ करने के लिए ''दीवार रहित संसार'' की सुंदर कल्पना को भी साकार रूप प्रदान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, बाबा हरदेव सिंह जी के इसी सत्य संदेश को जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं; जिनसे निरंकारी मिशन का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहा है।

# महानाम संकीर्तन से भक्ति में लीन हो रहे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविंद्रनगर में राधा कृष्ण महानाम संकीर्तन सभा द्वारा आयोजित श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महानाम संकीर्तन का श्रवण कर हरिनाम की भक्ति में लीन हो जा रहे हैं। दूसरे दिन भी आमंत्रित कीर्तन मंडलियों अनिमा संप्रदाय (कोलकाता), श्री श्री गीतान नसंप्रदाय (हुबली, कोलकाता), राधा गोविन्दो संप्रदाय (महाराष्ट्र), लक्ष्मी नारायण संप्रदाय (पीलीभीत, उप्र), वीना पाणी संप्रदाय( राजस्थान) व कृष्ण सखा संप्रदाय (मेरठ) द्वारा महानाम संकीर्तन किए जा रहे हैं। वहीं नगर तथा आस पास क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन का





श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। नगर की आदर्श इंदिरा बंगालीकालोनी, अरविन्द नगर, आजाद नगर, विवेक नगर, शिव नगर, राजा कालोनी, राय कालोनी, नारायण कालोनी, जगतपुरा, मुखर्जी नगर, संजयनगर खेड़ा, आदर्श कालोनी, दिनेशपुर, शक्तिफार्म, सितारगंज सहित कई नगरों व ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु निरंतर मंदिर में पहुंचकर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। पंडित प्रेमानंद जी महाराज व उनके सहयोगी मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे हैं।आयोजन समिति अध्यक्ष हीरा मंडल ने बताया कि संकीर्तन मंडलियों द्वारा आगामी 12 मई दिन रविवार को प्रात: 6 बजे तक निरंतर क्रमवार महानाम संकीर्तन किया जायेगा। साथ ही आयोजन स्थल पर भंडारा जारी रहेगा। आज भी प्रात: से ही सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। जो हरि नाम कीर्तन सुनकर भक्ति में पूरी तरह से मग्न हो गए। इस दौरान आयोजन सभा के अध्यक्ष हीरा मंडल, सचिव विवेक मालदार, उपाध्यक्ष चंदन देवनाथ, उप सचिव अमित मल्लिक, कोषाध्यक्ष कार्तिक मंडल, नारायण डे, सुकुमार वैद्य, मधुपाल, प्रभाष वेद्य, गोसाई मंडल, परितोष, बाबू मंडल, शुंबो, विशाल, उत्तम,निहार ढाली, पंचा, हरी मंडल, सपन गाइन, वितिका, रीता, गौरी, सुब्रता, बसंती, सुमित राय, धीमान विश्वास, निर्मल मंडल, संजय राय, सुशांत मंडल, असीम मंडल, नरेश सरकार, गौतम सिकदार बाबू सिकदार, ब्रजेन मिस्त्री, अमल राय, आलोक राय, मंगल मंडल, धीरज दास, पिन्टू गांगुली, अमलेन्दु ढाली, लोकन बाछाड़, दीपक राय, वासुदेव राय, मंगल सरदार, परिमल सरकार, रामपद विश्वास, अशोक घोष, सुरेश कुमार, सहदेव मिस्त्री, चित्तरंजन मजुमदार,कांति विश्वास, सुकुमार मिस्त्री, उत्तम बाला, अनिमेष, बाबू मिस्त्री, विमल सरकार, शिवा ढाली, रानी बाला, नमिता राय, अनीता देवी, सुशीला देवी, अंजना आदि सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# पूरा बंगाली समाज तीन दिन तक लहसुन–प्याज से भी करता है परहेज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की रविन्द्र नगर कालोनी में अखंड महानाम संकीर्तन का आयोजन भक्तिभाव के साथ बड़ी धूमधाम से होता है। अखंड महानाम संकीर्तन के आयोजन के दौरान तीन दिन कोई भी परिवार अण्डा मीट मछली तो दूर लहसुन प्याज तक का प्रयोग नहीं करता। यहां तक कि अण्डा मांस की दुकानें तक नहीं लगती। बता दें रविन्द्र नगर में राधा कृष्ण महानाम संकीर्तन सभा की ओर से हर वर्ष तीन दिन तक श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस बार भी महानाम संकीर्तन 9 मई से शुरू हो चुका है। तीन दिन चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के दौरान पूरी रविन्द्र नगर बस्ती का माहौल भक्तिमय हो जाता है। हरिनाम संकीर्तन के दौरान न सिर्फ लोग खुले मन से सेवा करते हैं और लहसुन प्याज जैसे तामसिक भोजन से भी परहेज करते हैं और मौहल्ले में स्थित अण्डा मीट मांस मदिरा की दुकाने तक बंद रहती है। बता दें बंगाली समाज के लोगों का मुख्य भोजन मछली है। और ज्यादातर लोग आम तौर पर रोजाना ही भोजन में मछली का सेवन करते हैं। रविन्द्र नगर बस्ती में अधिकांश लोग बंगाली समाज के हैं। लेकिन तीन दिन तक धार्मिक आयोजन के दौरान कोई भी बंगाली परिवार मछली मांस यहां तक कि अण्डे का भी प्रयोग नहीं करता। जो लोग मांस मछली और अण्डा आदि का कारोबार करते हैं वह भी तीन दिनों तक अपनी दुकानें नहीं खोलते। अखण्ड महानाम संकीर्तन के चलते रविन्द्र नगर में इन दिनों रविन्द्र नगर का पूरा माहौल भक्तिमय है। बड़ी संख्या में लोग अखण्ड महानाम संकीर्तन में संकीर्तन सुनने के लिए पहुंच रहे हैं। संकीर्तन में भंडारे की सेवा भी रोजाना चल रही है।












# उत्तराखण्ड के दो खिलाड़ियों ने लहराया परचम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आबू-धाबी (यूएई ) में अयोजित हुई यूथ एशियन जू-जित्सु चैंपियनशिप में भारत देश का परचम लहराते हुए हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती ने रजत पदक व रूद्रपुर शहर के जय लोहनी ने कांस्य पदक जीतकर कर भारत देश का नाम गौरवान्वित किया। जानकारी देते हुए जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के महासचिव व मुख्य प्रशिक्षक ऋषि पाल भारती ने बताया कि ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) द्वारा अधिकृत जु-जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन (जेजेआईएफ) व जु-जित्सू एशियन यूनियन (जेजेएयू) के नेतृत्व में दिनांक 4 से 9 मई 2024 तक आबू-धाबी (यूएई) में यूथ एशियन जू-जित्सु चौंपियनशिप आयोजित हुई। जिसमें एशिया से 24 देशों के 683 जु-जित्सू खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। व भारत देश की ओर



से 27 जु-जित्सू खिलाड़ियों ने भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। उक्त प्रतियोगिता में भारतीय जू -जित्सु टीम ने चार पदक ( दो रजत व दो कांस्य पदक ) जीते। जिसमें हल्द्वानी के युवराज सिंह खाती अंडर 18 आयुवर्ग के (-48 किग्रा) की जु-जित्सू फाइटिंग में रजत पदक, रूद्रपुर शहर के जय लोहनी ने अंडर 18 आयुवर्ग के (- 48 किग्रा) की जु- जित्सू फाइटिंग में कांस्य पदक, श्वेता यादव ने अंडर 21 आयुर्ग की (-70 किग्रा ) की जू-जित्सु फाइटिंग में कांस्य पदक, लैंग कुंग एडम ने अंडर 21 आयुर्ग की (-48 किग्रा ) की जु-जित्सू फाइटिंग में कांस्य पदक जीते। एवं हल्द्वानी की रिद्धिमा नेगी और देहरादून के अशिमत मुंगरा ने टॉप फॉर में अपना स्थान प्राप्त किया। भारतीय जु-जित्सू टीम में कोच की भूमिका में अमित अरोरा, एम.आर शाहिद, शेट्टी बालकृष्ण शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोड़ा, इंडियन जु-जित्सू टीम कोच एम.आर. शाहिद, जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्ष श्रीमती रसिका सिद्दीकी, ऊधम सिंह नगर डीएसओ जानकी कार्की, जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, डी.के सिंह, चेतन धीर, जॉनी हिराम, शोभा, केनेथ लाल, कमल सिंह, शंकर सिंह बसेरा, कृष्ण साना, ऐजे बटसर, सतनाम चावला, साधना बटसर, रघु रावत, कमल सक्सेना, गंगा मेहरा, हिमा भट्ट , मिंटू सैनी, विक्रम भंडारी, यतेंद्र कुमार, देवेंद्र रावत, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, विनोद लखेरा, शेखर सक्सेना, रघुवीर सिंह विर्क , सुरेश बिष्ट, कैलाश कुमार, मनोज सिंह, राजेंद्र कुमार, नीतिश कुमार, शिवानी, क्षितिज सिंह, कंचन रानी, सहित अनेकों खेल संगठनों के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी।




# श्याम बाबा के भजनों पर देररात झूमे श्रद्धालु

## आदर्श कॉलोनी में श्री खाटू श्याम सेवा मण्डल ने आयोजित किया श्याम संकीर्तन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम सेवा मंडल आदर्श कॉलोनी घास मंडी द्वारा श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया आयोजन किया। जिसमें भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। इससे पूर्व श्याम संकीर्तन की संध्या पर शहर में भव्य श्याम निशान यात्रा निकाली गई। इसके बाद देर रात्रि तक चले श्याम संकीर्तन में पूरी रात बाबा भक्त दिल्ली व मेरठ से आए गायक के भजनों पर झूमते-नाचते रहे। जिससे माहौल श्याममय हो गया। बुध वार को खाटू श्याम सेवा मंडल द्वारा संकीर्तन की संध्या पर कॉलोनी के चामुंडा मंदिर परिसर से खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया। जहां बड़ी संख्या में महिला,पुरुष और बच्चों ने निशान यात्रा लेकर अपनी आस्था को प्रकट किया। यात्रा कॉलोनी के मुख्य मार्गो से होते हुए जैन मंदिर,काशीपुर बाईपास,बालाजी द्वार गेट से पुन:कॉलोनी में आकर समाप्त हुई। इस दौरान यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा



कर स्वागत किया। बुधवार की शाम आठ बजे से श्याम संकीर्तन की शुरुआत हुई। जहां श्याम आरती के साथ संकीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद दिल्ली से आई प्रिया व प्राची और मेरठ से आए दीपेश कोरी ने बाबा भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरी रात्रि बाबा भक्त आस्था के सराबोर में डूब गए और झूमते व नाचते रहे। जिससे माहौल श्याम मय हो गया। भजनों का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। देर रात आरती और भोग के साथ संकीर्तन संपन्न हुआ। संकीर्तन में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,संजय ठुकराल ,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा,मंदीप वर्मा,विनोद धामा,राजीव चावला,अमित कक्कड़, शशि बाला,सिमरन आर्या, विनोद कुमार,रंजीत सागर,जितेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा,अशोक सागर,हैप्पी सिंह,बंटी राजोरिया, विकास कोली, गगन बाधवा, बाबा भक्त मण्डल के विक्की मुंजाल आदि मौजूद रहे।







# पोकलैंड और जेसीबी से ढेला नदी का सीना चीर रहे खनन माफिया

## गंगापुर व गुलड़िया में धड़ल्ले से चल रहा है अवैध खनन, चोर रास्तों से फर्राटा भर रहे हैं डंपर

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार जहां एक ओर अवैध खनन से जुड़े माफियाओं पर नकेल कसने को लेकर खाका तैयार कर रही है वहीं दूसरी ओर कुछ खनन माफिया कानून को ताक पर रखकर खुलेआम अवैध खनन में लिप्त देखे जा रहे हैं। इन खनन माफियाओं ने गंगापुर व गुलड़िया आदि क्षेत्रों में पॉकलैंड तथा जेसीबी मशीनों से ढेला नदी का सीना चाक कर दिया। तो वहीं दूसरी ओर दिन-रात मौत की मानिंद सड़कों पर दौड़ रहे डंपरों के कारण जहां एक ओर गंभीर हादसों की आशंका से स्थानीय लोगों की नींद उड़ी है वहीं गांवों को जोड़ने वाले मार्ग खस्ता हाल हो चुके हैं। जानकार बताते हैं कि एक ही परिवार के कुछ लोग जो कल तक ट्रैक्टर ट्रालियों में भूसा ढोया करते थे आज बेतहाशा अवैध खनन में लिप्त होकर करोड़पति बन चुके हैं। उक्त स्थान पर चल रहे अवैध खनन की यदि



उच्चस्तरीय जांच हुई तो बड़ा गोलमाल उजागर होगा। जानकारी के मुताबिक ग्राम गंगापुर तथा गुलड़िया में ढेला नदी पर यही के एक परिवार ने पूरी तरह कब्जा जमा रखा है। कुछ वर्ष पूर्व तक यह परिवार पूरी तरह खेती किसानी पर आश्रित हुआ करता था लेकिन इधर कुछ वर्षों से कानून की आंख में धूल झोंककर अवैध खनन करते हुए इस परिवार ने करोड़ों कमा लिए। सूत्रों का कहना है कि कुछ प्रशासनिक अधि कारियों से सांठ गांठ करके यह परिवार ढेला नदी में पॉकलैंड मशीन तथा जेसीबी से खुलेआम मिट्टी खनन कर ट्रैक्टर ट्राली ट्रक एवं डंपरों से अवैध खनन को चोर रास्तों से गंतव्य तक पहुंचाने का काम कर रहा है। खनन माफियाओं के बारे में जानकारी मिली है फोरलेन निर्माण कार्य के अलावा निजी प्लाटों में भी भरान करने का काम कर रहे हैं। यही समीप एक फैक्ट्री के प्रबंध निदेशक ने नाम न छापने की शर्त पर कार्यालय पहुंचकर बताया कि यदि जांच बिठाई जाएगी तो सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से सच अपने आप सामने आ जाएगा। शिकायतकर्ता ने दिए शिकायती पत्र में यह भी बताया कि एक ही परिवार के कुछ लोग जो अवैध खनन के गैरकानूनी कार्य में लिप्त है वह चोरी और सीनाजोरी दोनों करते हैं। आरोप है कि ग्रामीण अथवा कोई उद्यमी यदि अवैध खनन का विरोध करता है तो उसे उक्त परिवार के दबंग लोगों द्वारा धमकाया जाता है। प्रशासन के उच्च अधिकारियों से खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है साथ ही यह भी कहा गया कि उनके वाहनों की सघन जांच पड़ताल की जाए।

# आदर्श राजकीय बालिका इंटर कालेज कीं छात्राओं ने किया टाटा मोटर्स का भ्रमण

पन्तनगर। आदर्श राजकीय बालिका इन्टरकालेज में समग्र शिक्षा के तहत व्यवसायिक शिक्षा के अन्तर्गत पढ़ाये जाने वाले विषय आईटीईएस के अन्तर्गत कक्षा 12 की 69 छात्राओं ने व्यवसायिक कॉडिनेटर मोहन देव के निर्देशन में विद्यालय की व्यवसायिक प्रशिक्षिका मिताली श्रीवास्तव के नेतृत्व में पन्तनगर स्थित टाटा मोटर्स



में औद्योगिक भ्रमण कराया गया,जिसमें टाटा मोटर्स के सीनियर मैनेजर प्रीतम मोती लाल, ऋतुराज नारदए डीजीएम ऋतुराज मिश्रा, आईटी मैनेजर उर्विस कुमार वाला ने छात्राओ को आईटी उद्योग के विश्व में बढते हुए कैरियर के बारे में जानकारी दी। सभी छात्रायें टाटा मोटर्स का भ्रमण कर बहुत ही प्रेरित व उत्साहित हुई । इस मौके पर प्राधानाचार्या श्रीमती साइस्ता जमाल अंसारी, कोमल नेगी भी उपस्थित थी।

## महिला ने दरोगा पर लगाया अभ्रदता का आरोप

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। आपसी लेन देन के मामले में गांव में गए दरोगा पर महिला ने अभ्रदता का आरोप लगाया है। महिला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत उच्चधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम बलखेड़ा निवासी तरनजीत कौर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि 9 मई को अपने घर में 5 साल की दिव्यांग बच्ची के साथ चारपाई पर सो रही थी तभी थाना नानकमत्ता में तैनात एक दरोगा गांव के ही पूर्व फौजी संतोख सिंह के साथ आए और उसके पति के बारे में पूछताछ करने लगे। महिला का कहना है कि उस समय वह खुद बीमार थी। जिस कारण दरोगा के आने पर चारपाई से उठ नही पाई जिस पर दरोगा आग बबूला हो गए और चारपाई से न उठने पर गाली गलौच करते हुये अभ्रदता कर धमकाने लगे। जिससे वह और उसकी दिव्यांग बच्ची घबरा गये। महिला का आरोप है दरोगा ने साठ-गांठ कर उसके घर में घुसकर दबंगई की है। महिला ने बताया कि उसके पति बलजीत सिंह व संतोख सिंह का कुछ पैसो का लेन देन है। महिला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री समेंत उच्चधिकारियों को पत्र भेजकर दरोगा के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बताया जा रहा है कि थाने में जिन दरोगा पर आरोप है वह हल्का उनके क्षेत्र में नही आता है,ऐसे में सवाल उठाता है कि दरोगा शिकायतकर्ता को अपने साथ लेकर दूसरे हल्के में क्यों गए।

# भागवत कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

किच्छा(उदसंवाददाता)। महाकालेश्वर कावड़ संघ द्वारा नगर में विशाल भागवत कथा का आयोजन





किया गया। आयोजन पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला ग्राउंड में कराया गया है ।भागवत कथा से पूर्व महाकालेश्वर कावड़ संघ द्वारा नगर में विशाल कलश यात्रा निकल गई जो कि सिद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई कलश यात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया तथा भागवत गीता को भक्तों द्वारा सर पर रखकर कथा स्थल पर ले जाया गया इस दौरान महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन करते हुए भगवान को अनवरत याद किया गया । कलश यात्रा में मुख्य रूप से व्यवस्था करने वालों में कुंज बिहारी, अजय मौर्य, सचिन, अमित पाठक, मुकेश, विशाल गुप्ता,सचिन चावला, सुशील, राजेश, नवल किशोर,राजीव सक्सेना, नितिन मैसी,मनीष यादव, अनील कोली , राजेश, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, सुनीता कश्यप सहित तमाम लोग थे।

# कांग्रेसजनों ने जयंती पर महाराणा प्रताप को किया नमन

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेसजनों ने महाराणा प्रताप जी की जयंती के उपलक्ष पर महाराणा प्रताप चौक पर उनकी प्रतिमा पर मालार्पण किया। इस मौके पर सभी कांग्रेसियों ने उनकी वीर गाथाओं को याद किया व उनके देश के प्रति बलिदान और त्याग को याद किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने महाराणा प्रताप जी को याद करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में वीरता और स्वाभिमान की अमर गाथाएं गढ़ने वाले अनेक वीर योद्धा हुए हैं। उनमें से महाराणा प्रताप एक थे। महाराणा प्रताप वे बहादुर योद्धा थे जिन्होंने अकबर के आगे कभी घुटने



नहीं टेके। आज भी उन्हें स्वाभिमान, संकल्प और देशभक्ति का मजबूत स्तम्भ माना जाता है। महाराणा प्रताप वर्तमान पीढ़ी के साथ साथ आने वाली पीढ़ियों को भी देशभक्ति के लिए अपना सब कुछ कुर्बान करने के किए प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर दर्शन कोली ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान युद्ध और कुशल शासक थे। उन्होंने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया और अनेक कठिनाइयों का सामना किया। इतनी तकलीफें और संघर्ष होने के बावजूद भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी। इस मौके पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,राम बाबू,ओम प्रकाश दुआ, दलीप सिंह बिष्ट,सुनीता कश्यप, महेंद्र सिंह, जगरूप सिंह गोल्डी,जीवन जोशी, हरभजन सिंह,नितिन शर्मा,धर्मेन्द्र सिन्धी, कैलाश जोशी,नीरज बजाज, जमील अहमद,परवीन सैन,विनोद मोर्य, इशाक अहमद,पोल्ला सिंह, फारूख, बादशाह ,कृष कश्यप,रवि, अजय ,शिवम् आदि लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालातों में होटल कर्मचारी लापता, गुमशुदगी दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। होटल में काम करने वाला एक युवक बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। कई स्थानों पर उसकी तलाश की लगयी लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ग्राम सिरवासु चन्द्र तहसील अफजलगढ़ जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी 22 वर्षीय अनादिल पुत्र नजीम अहमद यहां महेशपुर पुलिया के समीप स्थित वंश होटल में पिछले कुछ समय से काम कर रहा था। बताया गया कि बीते 8 मई को अपराह्न बाद लगभग पौने तीन बजे स्टाफ को 2 मिनट में लौटकर आने की बात बोल कर होटल से युवक चला गया लेकिन इसके बाद उसका अब तक कोई पता नहीं चला। होटल कर्मियों ने तलाश करने के बाद परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों ने भी संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन युवक का कोई पता नहीं चला। बाद में परिवारजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुगदी दर्ज कर गायब युवक के बारे में जानकारी जुटाना शुरू किया है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### वनाग्नि की रोकथाम

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग से हर वर्ष भारी नुकसान होता है। मगर लगातार ऐसी घटना के बावजूद सरकार और संबंधित महकमों को इस बात की सुध लेने की जरूरत नहीं लगती कि इसे रोकने के लिए क्या इंतजाम किए जाएं। जंगल में आग लगने से बचाव की फिक्र में औपचारिक तौर पर जो कदम उठाए जाते हैं, उसकी हकीकत इसी से समझी जा सकती है कि इस वर्ष फिर नैनीताल के आसपास के जंगल में लगी आग की वजह से बड़े क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ। पिछले कई दिनों से वहां आग पर काबू पाने के लिए हेलिकाप्टर के प्रयोग सहित कई अन्य उपाय आजमाए जा रहे हैं। जाहिर है, फिलहाल सबसे पहली प्राथमिकता जंगल क्षेत्रों में लगी आग को फैलने से रोकना और बुझाना है, ताकि नुकसान का दायरा कम किया जा सके। इसलिए यह देखने की जरूरत है कि पहाड़ी इलाकों में स्थानीय जरूरतों के अनुकूल किस तरीके से आग को बुझाया जा सकता है। मगर इतना तय है कि जिन इलाकों में जंगल धधक रहे हैं, उनमें वन संरक्षण के लिए तैनात कर्मचारियों ने शायद अपनी ड्यूटी ठीक से निभाई होती तो समस्या को गंभीर शक्ल लेने से रोका जा सकता था। सवाल है कि धधकते जंगलों के संकट की जिम्मेदारी तय करना कब संभव हो सकेगा! फिलहाल आग बुझाने के काम में लापरवाही बरतने के आरोप में दस वनकर्मियों के निलंबन के साथ कुल सत्रह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। माना जाता है कि जलवायु में बढ़ते तापमान और पर्यावरण असंतुलन की वजह से दुनिया भर के जंगलों में आग लग जाती है और उसमें व्यापक पैमाने पर जानमाल का नुकसान होता है। मगर इसके समांतर वनाग्नि की कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिनमें वन संरक्षण की ड्यूटी में तैनात कर्मचारी और अधिकारियों ने सही समय पर आग से बचाव के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाया। यह भी खबर आई कि वहां कुछ उत्पाती तत्त्वों को जंगल में आग लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इससे यह पता चलता है कि जंगल में आग लगने की घटनाएं केवल प्राकृतिक ही नहीं है, बल्कि इसमें कुछ अपराध ी तत्त्व भी शामिल हैं। जाहिर है, वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए सरकार को सभी चिह्नित पहलुओं के मद्देनजर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# नागरिकों पर नस्लभेदी टिप्पणी

अकसर अपने विवादित बयानों से चर्चा में रहने वाले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा एक बार फिर भारतीय नागरिकों पर त्वचा के रंग, नाक-नक्ष और शक्ल पर नस्लभेदी टिप्पणी करने के कारण चर्चा में हैं। इस बार उन्हें यह चर्चा महंगी पड़ी है। कांग्रेस ने इस टिप्पणी से न केवल किनारा किया, बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनके द्वारा दिया त्याग-पत्र भी स्वीकार कर लिया। पित्रोदा ने कहा था कि 'पूर्वोत्तर भारत के लोग चीनी, पश्चिम के अरब, उत्तर के गोरे और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे लगते हैं।' इस बेतुके बयान के पहले किसी भी मानव या समाजशास्त्री ने भारत में इस तरह के नस्लीय विभाजन की टिप्पणी कभी नहीं की। इस कथन के आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा नस्लीय मुद्दा बनाकर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा और जोर देकर कहा कि 'देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दास्त नहीं करेंगे ? अब यह बात समझ आ गई है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रोपदी मुर्मु को हराने की कोशिश इसलिए की थी, क्योंकि उनकी त्वचा का रंग संवला है। कोई मुझे बताए क्या मेरे देश में चमड़ी के रंग के आधार पर लोगों की योग्यता तय होगी।' मोदी ने यह तल्ख टिप्पणी वारंगल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दी। अमेरिका में रहने वाले सैम पित्रोदा ने कभी अमेरिका या पश्चिमी देशों में हिंसा की इबारत लिखे जाने के बावजूद नस्लभेद की टिप्पणी की हो, देखने-सुनने में नहीं आया ? दरअसल पित्रोदा के ऐसे बयानों से देश की विभाजनकारी ताकतों को हवा मिलती है। चीन का साम्राज्यवादी रुख नस्ल के आधार पर पूर्वोत्तर भारत में घुसपैठ की कोशिश में लग जाता है। भारत में अनेक स्तर पर विविधताएं हैं, लेकिन वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में एक है। इस एकता को बनाए रखने का काम भगवान राम ने उत्तर से दक्षिण और कृष्ण ने पश्चिम से पूरब की यात्रा करके की थी। इसीलिए यह विरासत हमारे धर्म और इतिहास ग्रंथों के माध्यम से राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता का पाठ पढ़ाती रही है। फलत: देश की सभी दिशाओं में रहने वाले लोग तिरंगे से लेकर राष्ट्रगान और गीत पर गर्व करते हैं और इसकी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सेना के तीनों अंगों में शामिल होकर बलिदानी भाव से तत्पर रहते हैं। तब रंग और नस्ल के भेद कहां ठहर पाते हैं ? वाइदवे जब भी कोई नस्ल या रंग के आधार पर घटना घटती है, तो पूर्वोत्तर के पीड़ित अपनी जड़ें रामायण और महाभारत में खोजते हैं। कुछ साल पहले देश की राजधानी दिल्ली में अरूणाचल प्रदेश के तात्कालिक कांग्रेस विधायक निदो पवित्र के बेटे निदो तनियान के विलक्षण नाक-नक्ष पर कसी फब्तियों पर उठा विवाद निदो की निर्मम हत्या पर खत्म हुआ था। यह घटना बेहद दुखद और मन-मस्तिष्क को झकझोरने वाली थी। अकसर पूर्वोत्तर के भारतीयों की विशेष शारीरिक बनावट, चेहरे-मोहरे और विचित्र अंदाज में काढ़े गए बालों की शैली को लेकर शेष भारत के लोग उन्हें चिंकी और चीनी कहकर चिढ़ाते व अपनानित करते हैं। दिल्ली के लाजपत नगर में निदो के साथ घटी घटना में उसकी हेयर स्टाइल पर कुछ दुकानदारों ने फब्ती कसी थी। इस कटाक्ष की प्रतिक्रिया स्वरूप विवाद इतना गहराया कि स्थानीय दुकानदारों ने निदो की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इस घटना से तय हुआ कि हम अपनी भौगोलिक स्थिति और इतिहास सम्मत जानकारियों से कितने अनजान हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि हम अपनी भौगोलिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक अस्मिता और सीमाई संप्रभुता जोड़ने वाली संस्कृत भाषा और लोक व दंत कथाओं से दूर होते चले जा रहे हैं। निदो की हत्या के बाद दिल्ली में पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के छात्र-छात्राएं व अन्य लोग दोषियों की गिरफ्तारी के लिए धरने पर बैठे हुए थे। इसी धरने पर एक हिन्दी समाचार चौनल ने इस मुद्दे पर टॉक शो भी आयोजित कर डाला। शो में पूर्वोत्तर के कई विधार्थी उद्घोषिका द्वारा सवाल करने पर अपनी पहचान को रामायण और महाभारत के पात्रों से जोड़ रहे थे। एक छात्र ने इतिहास की पाठ्य पुस्तकों पर सवाल खड़ा करते हुए यहां तक कहा कि पूर्वोत्तर के राज्य का भूगोल व इतिहास किसी भी पाठ्य पुस्तक में शामिल नहीं है? जाहिर है, इन बुनियादी प्रश्नों के उत्तर मंच पर मौजूद तीन विशेषज्ञों में से किसी के पास नहीं थे। इस टॉक शो में उठाए गए अनुत्तरित प्रश्न इस बात का संकेत हैं कि हमें अपने देश की उस ज्ञान परंपरा से जुड़ने की जरूरत है, जिसने इतने बड़े भारतीय भू-भाग को अनेक विविधता के बावजूद जातीय स्वाभीमान एवं सांस्कृतिक एकरूपता से जोड़ा हुआ है। इस परिप्रेक्ष्य में जरूरी है कि देश में बढ़ रही खंडित मानसिकता को पाटने के लिए हम प्राचीन शास्त्रीय परंपरा के पुनरुद्धार की पहल करें ? आज पूर्वोत्तर के जिन सात राज्यों को सात बहनों के नाम से हम जानते हैं, वे राज्य पश्चिम बंगाल और असम के विभाजन के फलस्वरूप स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में आए हैं। ये छोटे राज्य मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा ,सिक्किम और मिजोरम हैं। प्रागैतिहासिक काल के पन्नों को खंगालें तो पता चलता है कि भगवान परशुराम और कार्तवीर्य अर्जुन के बीच जो भीषण युद्ध हुआ था, उसके अंतिम आततायी को परशुराम ने अरुणाचल में जाकर मारा था। अंत में यहीं के 'लोहित क्षेत्र' में पहुंचकर ब्रह्मपुत्र नदी में अपना रक्त-रंचित फरसा धोया था। बाद में स्मृति स्वरूप यहां पांच कुण्ड बनाए गए, जिन्हें समंत-पंचका रुधिर कुण्ड कहा जाता है। ये कुण्ड आज भी अस्तित्व में हैं। इस क्षेत्र में यह दंतकथा भी प्रचलित है कि इन्हीं कुण्डों में भृगुकुल भूषण परशुराम ने युद्ध में मारे गए योद्धाओं का तर्पण किया था। परशुराम यही नहीं रुके, उन्होंने शूद्र और इस क्षेत्र की जो आदिम जनजातियां थीं, उनका यज्ञोपवीत संस्कार करके उन्हें ब्राह्मण बनाया और सामूहिक विवाह किए। महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण ने पूरब से पश्चिम की सामरिक और सांस्कृतिक यात्रा की। द्वारका एवं मणिपुर में सैन्य अड्डे स्थापित किए। इसीलिए इस पूरे क्षेत्र की जनजातियां अपने को रामायण और महाभारत काल के नायकों का वंशज मानती हैं। यही नहीं ये अपने पुरखों की यादें भी जीवित रखे हुए हैं। सूर्यदेव को आराध्य मानने वालीं अरुणाचल की 54 जनजातियों में से एक मिजो-मिश्मी जनजाति खुद को भगवान श्रीकृशण की पटरानी रुक्मणी का वंशज मानती हैं। दंत कथाओं के अनुसार आज के अरुणाचल क्षेत्र स्थित भीष्मक नगर की राजकुमारी थीं। उनके पिता का नाम भीष्मक एवं भाई का नाम रुक्मंगद था। जब कृष्ण रुक्मणी का अपहरण करने गए तो रुक्मंगद ने उनका विरोध किया। परमवीर योद्धा रुक्मंगद को पराजित करने के लिए कृष्ण को सुदर्शन चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस पर रुक्मणि का हृदय पसीज उठा और उन्होंने कृष्ण से अनुरोध किया कि वे भाई के प्राण न लें, सिर्फ सबक सिखाकर छोड़ दें। तब श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र को रुक्मंगद का आधा मुंडन करने का आदेश दिया। रुक्मंगद का यही अर्द्धमुंडन आज सेना के जवानों की 'हेयर स्टाइल' मानी जाती है। मिजो-मिश्मी जनजाति के पुरुष आज भी अपने बाल इसी तरह से रखते हैं। दिल्ली में निदो नामक जिस युवक के बालों पर नोकझोंक हुई थी, उसके बाल इसी परंपरागत तर्ज के थे। वास्तव में वह सांवले रंग के भगवान कृष्ण द्वारा निर्मित परंपरा का निर्वाह कर रहा था, जिस कृष्ण की पूजा उत्तर भारत समेत समूचे देश में होती है। यदि वाकई देश के लोग इस लोककथा से परिचित होते तो शायद निदो पर जानलेवा हमला नहीं हुआ होता ? मेघालय की खासी जयंतिया जनजाति की आबादी करीब 13 लाख है। यह जनजाति आज भी तीरंदाजी में प्रवीण मानी जाती है। किंतु हैरानी है कि धनुष-बाण चलाते समय ये अंगूठे का प्रयोग नहीं करते। ये लोग अपने को एकलव्य का वंशज मानते हैं। यह वही एकलव्य है, जिसने द्रोणाचार्य के मांगने पर गुरु दक्षिणा में अपना अंगूठा दे दिया था। इसी तरह नागालैंड के शहर दीमापुर का पुराना नाम हिडिंबा और था। यहां की बहुसंख्यक आबादी दिमशा जनजाति की है। यह जाति खुद को भीम की पत्नी हिडिंबा का वंशज मानती है। दीमापुर में आज भी हिडिंबा का वाड़ा है। यहां राजवाड़ी क्षेत्र में स्थित शतरंज की बड़ी- बड़ी गोटीयां पर्यटकों के आर्कषण का प्रमुख केंद्र हैं। किंवदंती है कि इन गोटियों से हिडिंबा और भीम का बाहुबली पुत्र वीर घटोत्कच शतरंज खेलता था। म्यामांर की सीमा से सटे राज्य मणिपुर के जिले उखरूल का नाम उलूपी-कुल का अपभ्रंश माना जाता है। अर्जुन की एक पत्नी का नाम भी उलूपी था, जो इसी क्षेत्र की रहने वाली थी। तांखुल जनजाति के लोग खुद को अर्जुन और उलूपी का वंशज मानते हैं। ये लोग मार्शल आर्ट में माहिर माने जाते हैं। अर्जुन की दूसरी पत्नी चित्रांगदा भी मणिपुर के मैतेई जाति से थी। यह जाति अब वैष्णव बन चुकी है। असम की बोडो जनजाति खुद को सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा का वंशज मानती है। असम के ही पहाड़ी जिले कार्बी आंगलांग में रहने वाली कार्बी जनजाति स्वंय को सुग्रीव का वंशज मानती है। इसी तरह कुछ साल पहले हैदराबाद के 'सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' संस्थान ने डॉ लालजी सिंह के नेतृत्व में एक अध्ययन किया था, जिसका आधार अनुवांशिकी (जेनेटिक्स) रहा था। इसके बाद दूसरा अध्ययन डीएनए की विस्तृत जांच के आधार पर किया गया था। इनसे तय हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के पूर्वज दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय हैं। मानव इतिहास विकास के क्रम में यह स्थिति जैविक क्रिया के रूप में सामने आई है। इसी आधार पर लालजी सिंह ने स्पष्ट किया था कि आर्य व दक्षिण भारत की द्रविड़ (अनार्य) जातियां न तो अलग थी और न विदेशी ? ये जातियां मूल भारतीय थीं। आर्य शब्द का जातिसूचक प्रयोग पहली बार जर्मनी विद्वान मैक्समूलर ने किया था। यदि हम दक्षिण भारतीयों का अर्वाचीन इतिहास खंगाले तो पता चलता है कि एक समय राजा ऋषभदेव के पुत्र भरत आर्यावर्त के शासक थे। उनकी आठ पुत्रियां और एक पुत्र था। भरत ने अपने जीते जी समस्त साम्राज्य को नौ बराबर भागों में विभाजित कर अपनी संततियों को बांट दिया था। तब दक्षिण भारत का भाग्य उनकी एक कुंवारी पुत्री कुमारी के हिस्से में आया। अतएव दक्षिण भारत के मूल निवासी आर्य ही थे। तय है, हमारे प्राचीन संस्कृत ग्रंथ लोक और दंत कथाओं में ज्ञान के ऐसे अनेक स्रोत मिलते हैं, जो हमें सीमांत प्रदेशों में मूल भारतीय होने के जातीय गौरव से जोड़ते हैं। लिहाजा जरूरी है कि हम सांस्कृतिक एकरूपता वाली इन कथाओं को पाठ्य पुस्तकों में शामिल करें? पूर्वोत्तर और दक्षिण राज्यों में रक्तजन्य जातीय समरसता के इस मूल-मंत्र से जातीय एकता की उम्मीद की जा सकती है। अतएव सैम पित्रोदा जैसे पाश्चात्य अवधारणाओं से ग्रसित खंडित मानसिकता के लोगों से देश में जातीय और नस्लीय भेद को गहरा करने में ही अपनी कुत्सित बुद्धि का प्रयोग करने में लगे रहते हैं।

**प्रमोद भार्गव, लेखक एवं मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार है।**

## सिलाई कढ़ाई व फेशन डिजाइन कार्यक्रम संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं बाल विकास मजदूर उत्थान समिति द्वारा आयोजित सिलाई कढ़ाई व फेशन डिजाइन कार्यक्रम का ग्राम प्रधान रंजीत कोर व योगेन्द्र सिंह ने छिनकी मेंसमापन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छिनकी के ग्राम प्रधान तथा भाईचारा एकता मंच के केन्द्रिय अध्यक्ष केपी गंगवार, स्वामी आधार श्रीवास्तव, गीता देवी, मास्टर ट्रेनर मैनाज व मास्टर ट्रेनर तबस्सुम आदि उपस्थित थे। यह ट्रेनिंग उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम ऊधम सिंह नगर द्वारा मुख्य मंत्री हुनर योजना के अंतर्गत जिले में चलाई जा रही है। ट्रेनिंग दो जनवरी से दो अप्रैल तक चली जिसमे रोज 2 घंटे 40-40 अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को ट्रेनिंग दी गई। संस्था के सचिव उमेश कुमार ने विभागो की योजनाओ के बारे में जानकारी दी तथा ट्रेनिंग ले कर अपना रोजगार करने को प्रेरित किया और सभी महिलाओ के उजवल भविष्य की कामना की।



### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मैने अपना नाम विजय कुमार ( पुराना नाम) से बदल कर अब विजय कुमार गाबा (नया नाम) कर लिया है अत: अब से भविष्य में मुझे विजय कुमार गाबा पुत्र मदन लाल गाबा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**वर्तमान पता**–

विजय कुमार गाबा पुत्र मदन लाल गाबा, सामिया लेक सिटी के सामने ऐश फर्नीचर, काशीपुर रोड दानपुर,रूद्रपुर, जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड-263153

## जंक फूड आमजन की बिगाड़ रहा सेहत

सितारगंज (उद संवाददाता)। गर्मी बढ़ने के साथ ही सरकारी अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। अस्पताल में उपचार के लिए पहुंच रहे मरीजों में पेट दर्द और प्लेटलेट्स कम वाले मरीजों की संख्या चौगुनी हो गई है। जिससे अस्पताल के बेड फुल हो गए हैं। चिकित्सक भर्ती मरीजों में पेट दर्द, डायरिया, और प्लेटलेट्स कम होने के लिए बाहरी खाना जंक फूड, पैक्ड फूड के अधिक सेवन को जिम्मेदार मान रहे है। उन्होंने मरीजों को जंक फूड से परहेज की सलाह दी है। उप जिला चिकित्सालय में इन दिनों ओपीडी और इमरजेंसी में मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। हॉस्पिटल में प्रभारी चिकित्सा अध ीक्षक डॉ अभिलाष पांडे, डॉ लक्ष्मण सिंह बृजवाल, डॉ अतुल कुमार, डॉक्टर रविंद्र सिंह, डॉक्टर एस ए अब्बास ने गुरुवार को ओपीडी में मरीजों का उपचार किया। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों की संख्या से बेड फुल है। चिकित्सकों ने बताया कि अस्पताल में रोजाना डायरिया, पेट दर्द के मरीजों के अलावा खून जांच में प्लेटलेट्स कम वाले रोगियों की संख्या अधिक है। डॉक्टर ने गर्मी में जंक फूड के अधिक सेवन के कारण डायरिया पेट दर्द और प्लेटलेट्स कम होने को कारण दर्शाया है।



अस्पताल अधीक्षक डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को पेट संबंधी और खून संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए जंक फूड,जैसे खान-पान से परहेज की सलाह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जंक फूड पिज्जा-बर्गर, मैगी या किसी अन्य तरह के बाहरी खाने से आमजन को बचना चाहिए। ये स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि गर्मी में हल्का और सुपाच्य भोजन का सेवन करे। मसालेदार खाने की बजाए अपने भोजन में सादा खाना शामिल करें। जंक फूड और ज्यादा मसाले वाला खाना खाने से गैस, पेट की दूसरी समस्याएं और गला खराब हो सकता है। कुछ लोग फ्राइड खाना बहुत ज्यादा खाते हैं, लेकिन गर्मी में ऐसा खाना परेशान कर सकता है। तीखे और ज्यादा तेल मसाले वाले भोजन को पचाने में काफी समय लगता है।

## मई माह को मनाया जा रहा मेंस्ट्रूअल हाइजीन जागरूकता मंथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति, सरोज देवी फाउंडेशन और एनसीडब्ल्यूडीसी के संयुक्त तत्वाधान में मई माह को मेंस्ट्रूअल हाइजीन जागरूकता मंथ के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत हर दिन कॉलोनीयों में,गांव में,मोहल्लों में, टीम द्वारा महिलाओं को मेंस्ट्रूअल हाईजीन के प्रति जागरूकता किया जा रहा है और साथ ही 100 कॉटन सेनेटरी नैपकीन मेंस्ट्रूअल हाइजीन किट भी वितरित किए जा रहे हैं।टीम में शामिल सदस्यों ने जागरूकता अभियान के दौरान कहा कि आज हमारे देश की बहन बेटियां किसी क्षेत्र में कम नहीं है लेकिन अगर उनके स्वास्थ्य की बात की जाए तो कहीं ना कहीं आज हॉस्पिटल में सबसे ज्यादा संख्या बहन बेटियों की ही दिखाई देती है, आज महिलाओं से संबंधित बीमारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं जिसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। वर्किंग वुमन हो या हाउस मेकर हर महिला का लाइफस्टाइल आजकल बिजी होता जा रहा है, जिसके कारण उनके पास खुद की देखभाल करने का समय नहीं होता है। यही कारण है कि धीरे-धीरे उम्र बढ़ते हुए महिलाओं को शरीर में कई बीमारियां होने लगती हैं और अगर इनकी समय रहते देखभाल न की जाए तो इससे कई अन्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि समय रहते जरूरी टेस्ट आदि करवा लिए जाएं ताकि किसी भी बीमारी को गंभीर होने से पहले ही उन्हें रोका जा सके। जीवन शैली की जागरूकता व सही संसाधनों के उपयोग की जागरूकता बहुत जरूरी है। जागरूकता अभियान में समिति की अध्यक्ष से डॉक्टर उषा नरेंद्र जैन सहित श्रीमती राधा देवी, कविता रावत,ममता नेगी,सुमन तिवारी, रूपा रानी,दुर्गा यादव आदि शामिल हैं।



# स्वाभिमान शौर्य दिवस के रूप में मनाई महाराणा प्रताप जयंती



किच्छा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप जयन्ती यहां स्वाभिमान-शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा इकाई किच्छा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव कुमार सिंह के प्रतिष्ठान से हुई। यहाँ पर एकत्र लोग एक जलूस के रूप में महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचे व महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके बाद लोगों नें देशहित में महाराणा प्रताप के त्याग व बलिदान को याद करते हुए उनके संघर्षमय जीवन के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव कुमार सिंह ने कहा कि शिरोमणि महाराणा प्रताप ने हिंदू समाज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिया था उन्होंने अपने जीवन काल में तमाम उतार-चढ़ाव देखे । विदेशी आक्रमण कारियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत राष्ट्र की भूमि पर मौजूद योद्धाओं का परिचय दिया था विदेशी आता ताइयों ने भी महान योद्धा महाराणा प्रताप के जीवन पर उनके प्रति हमेशा श्रद्धा व्यक्त की थी उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महान योद्धा हिंदू धर्म के पालक के जीवन पर ज्ञान लेते हुए धर्म की रक्षा हेतु हमेशा तैयार रहना चाहिए।इस अवसर पर राजपाल सिंह, विनय राय, संजीव प्रताप सिंह, डी।के।सिंह, कुणाल सिंह, शशांक सिंह, अभय प्रताप सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, आदेश चौहान, धनञ्जय सिंह, मनोज सिंह, नवीन सिंह, कुलदीप सिंह, अश्विनी सिंह, प्रियांशु सिंह, विनोद प्रताप चंद, रमन ठाकुर, विकास गंगवार, अमरीक सिंह मण्ड, मोहन सिंह शेखावत, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, महेंद्र चंद, शिवाजी सिंह, दानवीर सिंह, राजवीर सिंह, विशाल चौहान, मनोज कुमार सिंह, सर्वजीत सिंह, शिवकुमार सिंह, राजकुमार कोली, मनमोहन सक्सेना, कमलेश कुमार दुबे, मनु बिष्ट, मोहन कोली, संजय यादव, निखिल कुमार, ब्रह्मानंद पुरोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# रिपोर्ट दर्ज होने पर किया परिजनों पर जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मारपीट के एक मामले में पीड़िता द्वारा विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने से रोषित आरोपियों ने एक राय होकर महिला व उसके परिजनों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ग्राम नरपत नगर निवासी उर्मिला पत्नी मुकेश ने कहा है कि 5 मई को ग्राम के ही सुनील और उसके परिवार वालो के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट कराई थी । इसके बाद ग्राम प्रधान ने हमसे कहा था कि दूसरे पक्ष के घर वाले समझौते के लिये आ रहे है । बीती रात 8 बजे ग्राम प्रधान की मौजूदगी उसके घर जान से मारने की नीयत से हथियार लेकर सुनील, पिन्टू, छोटे लाल, मदनपाल, सूरज भान, राज, रोहित, मोहित, मदन पाल का दामाद, बबलू, इनके घर की औरते और अन्य 4-5 लोग आये। इन सभी लोगो ने हमारे ऊपर जान लेवा हमला कर दिया। इन लोगो ने उसके साथ, सीमा, दिनेश, राकेश, पारुल, मुकेश, हरि जीवन, उर्मिला, सुमेश, रशनात, अनुज और अंजली को बुरी तरह से मारा पीटा है । आरोप है कि मदनपाल ने तलवार देवरानी सीमा पत्नी दिनेश के सिर में मारी है जिससे उसका सिर फट गया है। मदन पाल के दामाद ने ससुर हरिजीवन विस्वास के सिर में तलवार मारी हैं। पति मुकेश को मदनपाल, सूरजभान और मदन पाल दामाद ने मिलकर सरिया से मारा पीटा है । हमलावर सभी को मरा समझकर मौके से भाग गये । सभी का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है । पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# चोरी की पांच मोटर साईकिल सहित एक गिरफ्तार





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर हुई पांच मोटर साईकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को चोरी की मोटरसाईकिलों सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 7 मई को दिक्षित जोशी निवासी नीलांचल कालोनी डहरिया की मोटरसाईकिल संख्या यूके 04एसी 9447 सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर से चोरी की गई थी। 21फरवरी को भुवन चन्द्र पाण्डे निवासी प्रेम विहार बडी मुखानी की मोटरसाईकिल यूए 03-1988 सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर से चोरी की गई। 03 मई को सचीन्द्र कबिदयाल निवासी तेजपुर नेगी लालकुआं की मोटरसाईकिल संख्या यूके 04एफ-6594 को सुयाल कालोनी बरेली रोड से चुराई गई। 4 दिसम्बर 2023 को राहुल राजपूत निवासी दमुवाढूंगी पंनचक्की हल्द्वानी की मोटरसाईकिल संख्या यूके 04एल- 3975 रूद्राक्ष बैंकट हाल के सामने से चुराई गई जबकि 20 अप्रैल को हसीन साह निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा की मोटरसांईकिल यूके 04 एडी 6407 घर के बाहर से अज्ञात द्वारा चोरी की गई थी। उपरोक्त घटनाओं के संबंध में थाना हल्द्वानी व थाना बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया। उपरोक्त चोरी की घटनाओं के खुलासे हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। टीमों द्वारा घटनास्थल के आस-पास सीटीवीकैमरों का अवलोकन, करते हुए मोटर साईकिल चोरी की घटनाओं में लिप्त एक अभियुक्त को एफटीआई रोड से चोरी की एक मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता साहिल पुत्र स्व. सगीर निवासी ग्राम अजीतपुर वार्ड न. 1 निकट सरायवाली मस्जिद थाना सिविल लाईन जिला रामपुर उ0प्र0 हाल निवासी इन्द्रानगर थाना बनभूलपुरा बताया। कड़ी पूछताछ करने पर उसनें अन्य चोरी की घटनाओं को भी स्वीकार करते हुए भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी की गयी 4 अन्य मोटरसाईकिलें बरामद करायी।उसने बताया कि वह बनभूलपुरा क्षेत्र में किराये में रह रहा है तथा रंगाई-पुताई का काम करता है। उसके द्वारा चोरी की गयी बाईकें को कुछ दिनों के लिये छुपा लिया जाता था फिर उसी बाईक से घूमते हुए रैकी की जाती थी फिर पहली चोरी की गयी बाईक को आस-पास पार्क कर दूसरी बाईक चुरा ली जाती थी और उसको छुपाने के बाद पहली बाईक ले जायी जाती थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उनि प्रवीण कुमार मेडिकल चौकी प्रभारी, हेकानि इसरार नवी, प्रहलाद सिह व अनिल जौहरी शामिल थे।

# एटीएम कार्ड बदलकर पैसा निकालने वाले दो शातिर दबोचे

बाजपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने मदद करने के नाम से एटीएम को बदलकर पैसे निकालने वाले गिरोह के दो लोगों को 28 भिन्न-भिन्न बैंकों के कुल 215 एटीएम तथा एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस 315 बोर व एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक बाजपुर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने बन्नाखेड़ा क्षेत्र में चौकिंग के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे दो लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता अमरीक सिंह पुत्र गज्जन सिंह निवासी ग्राम चंदनपुर थाना गदरपुर जनपद उध



म सिंह नगर उम्र 29 वर्ष। व सुखवंत सिंह पुत्र लखबीर सिंह निवासी सिंह ग्राम बरवाला थाना केलाखेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक चाकू के साथ ही दोनो के कब्जे से 28 भिन्न-भिन्न बैंकों के कुल 215 एटीएम बरामद किये गया। इस सम्बंध में सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि जगह-जगह जाकर एटीएम के अंदर भोले भाले लोगों को मदद करने के नाम से उनके एटीएम चेंज कर पैसे निकालते हैं। दोनो ने बताया कि वह पूर्व में जेल भी जा चुके है।।

## पेज एक का शेष...

**तीन धामों के खुले कपाट...** हो उठा। केदारनाथ धाम के कपाट खोलने के अवसर पर सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ मंदिर परिसर में मौजूद करीब 10 हजार श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। कुछ श्रद्धालु परिसर में डमरू के साथ नृत्य करते दिखाई दिए । मंदिर को 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। कपाट खुलते समय तीर्थ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई। वहीं यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस दौरान परिसर में हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। चार धाम यात्रा के शुरू होने के मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को बधाई दी और देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तीर्थयात्रियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस बार चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनाएगी। गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर बाद खुलेंगे, जबकि चारधामों में शामिल बद्रीनाथ के द्वार रविवार को खुलेंगे। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भक्त और तीर्थयात्री इस यात्रा का इंतजार करते रहते हैं। वह पवित्र दिन आ गया और कपाट खुल गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। यात्रा के लिए सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं। मैं सभी का अभिनंदन करता हूं और सभी का स्वागत करता हूं। पीएम मोदी के नाम पर यहां पहली पूजा की गई, उनके पीएम बनने के बाद पूरे विधि-विधान के साथ दर्शन का काम शुरू हो गया है। उनके पीएम बनने के बाद बाबा केदार मंदिर के पुनर्विकास का काम तीन चरणों में पूरा किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि यह जल्द पूरा हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस बार चारधाम यात्रा पिछले सभी पुराने रिकार्ड तोड़ेगी। राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए प्रयासरत है। इस वर्ष अभी तक लगभग 20 लाख से अधिक यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

**चौकी में दारू पार्टी...** से सिपाही सचिन और अनिल मोके पर पहुंचे और एक पक्ष के मंगल सिंह नाम के व्यक्ति को चौकी उठा लाये। कुछ देर बाद मंगल सिंह पक्ष के कुछ लोग उसकी पैरवी करने चौकी पहुंच गये। इनमें कुछ सभ्रांत लोग भी थे। पैरवी करने पहुंचे लोगों पर कांस्टेबल सचिन आग बबूला हो गया, उसने न सिर्फ अभद्रता की बल्कि उनके साथ मारपीट की। सचिन द्वारा की जा रही मारपीट पर सिपाही अनिल और बिना किसी सूचना के वहां पहुंचा दोराहा चौकी का सिपाही सुभाष चौधरी भी मूकदर्शक बना रहा।दोनों ने कोई बीच बचाव नहीं किया। क्षेत्र के सभ्रांत लोगों ने चौकी में हुए इस वाकये की शिकायत तुरंत एएसपी, सीओ और कोतवाल से की। जिस पर रात को ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये। जब चौकी का नजारा देखा तो पुलिस अधिकारी भी दंग रह गये। चौकी की बैरक में शराब की पार्टी चल रही थी। जिस पर पुलिस अधिकारियों ने सिपाही का मेडिकल कराया तो वह नशे में था। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने पिछले तीन दिनों से बिना अनुमति चौकी से गायब चल रहे चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा सहित चौकी के सिपाही सचिन और अनिल एवं दोराहा चौकी के सिपाही सुभाष चौधरी को भी निलंबित कर दिया। एसएसपी ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि चौकी की बैरक में बाहरी लोगों के साथ महफिल जमाना घोर अपराध है। उन्होंने कहा कि यह घटना हैरान करने वाली है। उन्होंने कहा कि पब्लिक के लोगों के साथ बदसलूकी करना कतई सहन नहीं किया जायेगा। एसएसपी ने बताया कि चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा ट्रेनिंग के नाम पर पिछले तीन दिनों से चौकी से गायब है। इस पूरी घटना में सबसे बड़ी लापरवाही चौकी इंचाज की है। चौकी इंचार्ज के गायब होने से ही उनके अधीनस्थों के हौंसले बुलंद हैं। एसएसपी ने कहा कि जब शिकायत के बाद टीम पतरामपुर चौकी पहुंची तो वहां पर मौजूद दो बाहरी लोग फरार हो गये। उन्होंने बताया कि चौकी में चल रही महफिल में दोराहा चौकी का सिपाही सुभाष चौधरी भी अवैध तरीके से वहां गया था उसने चौकी इंचार्ज कोई सूचना दी नहीं दी थी। इसको लेकर दोराहा चौकी इंचार्ज से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसएसपी ने कहा कि इस तरह की अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मामले की जांच सीनियर अधिकारी द्वारा की जायेगी। जिन लोगों के साथ पुलिस ने बदसलूकी की है अगर वो चाहेंगे तो उनकी ओर से पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जायेगी।

**सीएम से बोले बेहड़...** पहली बार किया गया है। जिससे मुझे बड़ा मानसिक कष्ट पहुंचा है। बेहड़ ने सीएम से कहा कि उच्च स्तरीय मानसिक चिकित्सालय में मेरा मेडिकल चेकअप कराया जाये ताकि उत्तराखंड की जनता के सामने मेरे मानसिक संतुलन की सही जानकारी आ सके। अगर मेडिकल चेकअप में मेरा मानसिक संतुलन बिगड़ा होता है तो किसी बेहतर अस्पताल में भर्ती कराकर सरकार की तरफ से इलाज कराया जाए ताकि मैं ठीक होकर दुबारा से जनता की सेवा कर सकूँ। साथ ही बेहड़ ने मुख्यमंत्री धामी से किच्छा में विकास की योजनाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। बेहड़ ने मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत किच्छा में कम्युनिटी हाल व फायर बिग्रेड स्टेशन तथा ग्राम नजीमाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को आदेशित करने का अनुरोध किया। साथ ही पंतनगर की आंतरिक सड़कों का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराये जाने , लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग का कार्य समय पर पूरा कराने ,किच्छा में बंडिया व पुरानी गल्ला मंडी में नदी पार करने हेतु दो पुलों का शीघ्र निर्माण कराये जाने व किच्छा के विकास हेतु अनेकों योजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री धामी ने विधायक बेहड़ की बात को गंभीरता से सुना व सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

**बाबा केदार के दर्शन को ...** हेलीपैड से सुबह 11:30 बजे एमआई 17 हेलिकॉप्टर कुल 20 श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ के लिए रवाना हुआ। पहले श्रद्धालुओं के रूप में शिल्पा शेट्टी उनकी बहन शमिता शेट्टी उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्य बच्चों सहित इस हेलिकॉप्टर से केदारनाथ को रवाना हुए। इससे पहले रुद्राक्ष एवियशन के प्रबंधक पीके छाबरी द्वारा पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया गया। शिल्पा शेट्टी और उनका परिवार यहां होटल से छह गाड़ियों में सवार होकर जौलीग्रांट हेलीपैड पहुंचे। जिनमें से एक कार से शिल्पा शेट्टी भी हेलीपैड पहुंची। यहां से सभी लोग केदारनाथ को रवाना हुए।

# पंतनगर होम साइंस विभाग में कार्यरत कर्मी की संदिग्ध मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर में कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय सुनील कुमार 35 पुत्र हरवंश निवासी पंतनगर टा कॉलोनी होम साइंस विभाग में कार्यरत थे। गुरुवार की शाम को उनकी तबियत बिगड़ गई। उन्हें उपचार को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक सुनील को अचानक घबराहट हुई थी। मौत के सही कारणों के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के दो बेटे है।



जय जय श्री परशुराम भगवान,
त्रेता में जन्मे अदम्य महाबलवान,
भगवान विष्णु के आवेशावतार
जमद्गनी -रेणुका अनमोल सुत,
मात पिता के आज्ञावान,
अक्षय तृतीया को थे जन्मे,
तेज और ओज से परिपूर्ण,
भगवान शिव के भक्त अटूट,
परशु पाकर परशुराम बने
वीरता ही थी अलग पहचान,
इक्कीस बार किया संहार क्षत्रिय का,
भीष्म, कर्ण को दिया शास्त्र ज्ञान,
माता का वध कर एक क्षण में,
पिता की आज्ञा का किया सम्मान,
प्रसन्न पिता ने जब पूछा वरदान
मांग लिया कर दो पुनर्जीवित माँ को
दे दो फिर अजेय वरदान,
रुष्ट हुए जब अवरोध बने गजानन
चला फरसा किया प्रहार,
एकदन्त कहलाये गजानन,
कठिन तपी कहलाये चिरंजीवी,
मिला भूलोक वास का वरदान,
हर युगवासी नमन है आपको
हे प्रभु परशुराम वंदन आपको

**-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर**

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'तीन राशि' के जातकों के लिए बेहद खास है यह 'अक्षय तृतीया'

**अक्षय तृतीया पर बना रहे हैं तीन शुभ योग, गुरु और शुक्र ग्रह अस्त होने से अबकी बार नहीं हो सकेंगे विवाह मुंडन और गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य, भूमि, भवन जेवरात इत्यादि की खरीदारी होगी विशेष फलदाई**

-अर्श-

रूद्रपुर। हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया त्योहार का एक विशेष महत्व है। किसी भी शुभ कार्य को आरंभ करने के लिए अक्षय तृतीया का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार पूरे वर्ष भर में केवल साढ़े तीन अबूझ और सबसे शुभ मुहूर्त होते हैं। पहला चौत्र शुक्ल प्रतिपदा, दूसरा विजया दशमी और तीसरा अक्षय तृतीया। आधा अबूझ मुहूर्त कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को रहता है।विभिन्न मतांतर से देवप्रबोधिनी एकादशी को भी अबूझ और पवित्र मुहूर्त में शामिल किया जाता है, लेकिन अक्षय तृतीया का अबूझ मुहूर्त अपने आप में खास है। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को ये त्योहार मनाया जाता है। इस दिन लोग सोने-चांदी से बने आभूषण की खरीदारी करते हैं। मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से विशेष कृपा मिलती है और घर में धन संपदा हमेशा बनी रहती है।अक्षय तृतीया पर गंगा स्नान करने का बहुत बड़ा पुण्य माना गया है। पुराणों में इस स्नान का माहात्म्य कुछ इस तरह बताया गया है कि जो मनुष्य इस दिन गंगा स्नान करता है, वह निश्चय रूप से सभी तरह के पापों से मुक्त हो जाता है। इस दिन यदि किसी पवित्र नदी या तीर्थ स्थान पर पितरों के निमित्त श्राद्ध, पिंडदान या तर्पण किया जाता है तो पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। इस दिन पितृ श्राद्ध करने का भी विधान है ।इस दिन सोना, रुई, मिट्टी का घड़ा, पीतल तांबे के बर्तन, कौड़ियां, जौ या पीली सरसों और सेंधा नमक खरीदना शुभ माना गया है।इस बार अक्षय तृतीया शुक्रवार 10 मई को है और इस दिन तीन शुभ योग भी बन रहे हैं। और यह शुभ योग तीन राशि के जातकों के लिए विशेष फलदाई साबित हो सकते हैं।अक्षय तृतीया पर इस बार गज केसरी योग, शुक्रवासा योग और शास्त्रीय योग




बन रहे हैं। बता दें कि इस बार अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 04:17 बजे से शुरू होकर 11 मई, 2024 को सुबह 02:50 बजे खत्म होगी। अगर पूजा के शुभ मुहूर्त की बात करें तो यह शाम 05:13 बजे से 11:43 बजे तक है।ज्योतिषियों की माने तो अक्षय तृतीया पर अबकी बार बन रहा गजकेसरी योग मेष ,कर्क और सिंह राशि के जातकों के लिए अच्छा साबित होने जा रहा है। मेष राशि के जो जातक नौकरी करते हैं उनके लिए आने वाला समय अच्छा गुजरने वाला है। अचानक धन की प्राप्ति हो सकती है। धन कमाने के कई अवसर मिलेंगे। इससे इनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा और यह अपनी वाणी से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे तथा यह अपनी मीठी वाणी से अपने काम आसानी से निकाल सकेंगे ।गजकेसरी योग की वजह से कर्क राशि के जातकों के दिन की शुरुआत अच्छी होगी। माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी। धन वैभव की प्राप्ति होगी। करियर में लाभ के योग हैं। बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। कर्क राशि के जो जातक सरकारी नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं उन्हें इससे संबंधित शुभ समाचारों की प्राप्ति हो सकती है। गजकेसरी योग के प्रभाव के कारण ही कर्क राशि के जातकों को परिवार के सदस्यों से सहयोग मिलेगा सकेगा वही।सिंह राशि के जातक अपने बिजनेस पर ज्यादा ध्यान देंगे। व्यापार में तरक्की के योग बन रहे हैं और इन्हें अच्छा मुनाफा मिलने के शुभ संयोग बनेंगे । समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। करियर में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। सनातन मान्यता के अनुसार चूंकि अक्षय तृतीया केअबूझ मुहूर्त में कई वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ माना जाता है, इसलिए इस बार अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी योग और रवि योग होने की वजह से कई वस्तुओं की खरीदारी करना बहुत ही शुभ रहने वाला है।ज्योतिषियों के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया पर गुरु और शुक्र दोनों ग्रहों के अस्त होने के कारण विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य तो नहीं हो सकेंगे, लेकिन खरीदारी करना इस बार अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में भी शुभ रहने वाला है। इस बार भूमि, भवन जेवरात आदि की खरीदारी करना शुभ रहेगा।धर्म गुरुओं के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन 11 कौड़ियों को लाल कपड़े में बांध कर पूजा स्थान में रखने से धन की देवी लक्ष्मी खुश होती है। इसलिए इस दिन लक्ष्मी जी की केसर हल्दी से विशेष पूजा जरूर करनी चाहिए ।इससे परिवार की आर्थिक तंगी दूर हो जाती है।

# गुरुनानक बालिका इंटर कालेज के शिक्षक और स्टाफ को छह माह से नहीं मिला वेतन

**जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पर हठधर्मिता का आरोप, सीएम से की शिकायत**

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुनानक बालिका इंटर कालेज रुद्रपुर की शिक्षकों और स्टाफ को पिछीले छह माह से वेतन न मिलने से दिक्कतें पैदा हो गई है। इस संबंध में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने सीएम को पत्र भेजकर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत पर मनमाने तरीके से वेतन रोकने की शिकायत की है। उन्होंने सीएम को भेजे गए पत्र में कहा कि गुरुनानक इंटर कालेज में लगभग 50 शिक्षण स्टाफ को सरकार द्वारा वेतन दिया जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा एक ही विद्यालय के लिए दो नियम तैयार कर हठधर्मिता का परिचय दिया है। कक्षा एक से 12 तक संचालित गुरुनानक इंटर कालेज में प्राथमिक स्तर पर कक्षा पांच तक के स्टाफ का वेतन तो जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक द्वारा जारी किया जा रहा है। परंतु कक्षा छह से 12 तक का वेतन जारी करने में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अडंगा लगा रहे है। कालेज प्रबंधन ने जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत से वेतन न मिलने की शिकायत की तो राजपूत पर उनके सेवानिवृत होने तक वेतन जारी न करने की फरमान सुना दिया। उन्होंने सीएम को लिखे पत्र में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डीएस राजपूत पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी के अवकाश पर जाने के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी खटीमा को हटा कर राजकीय इंटर कालेज खतौली के प्रधानाचार्य को कार्यभार सौंप अपनी मनमानी का परिचय दिया। इसकी जानकारी मुख्य शिक्षा अधिकारी को होने पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक का जवाब तलब करने के बाद उनके आदेश को निरस्त कर दिया। उन्होंने सीएम को लिखे पत्र में कहा ऐसे और भी कई मामले जिला शिक्षा अधिकारी के विवादित है जो उनके कार्यकाल की जांच में सामने आ जाएंगे।

प्रबंध समिति के विवाद के चलते मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जिससे वेतन आहरण नहीं हो पा रहा है। मुख्य शिक्षा अधिकारी न्यायालय में तीन बार व्यक्तिगत रूप से पेश हो चुके हैं। प्राथमिक वर्ग के शिक्षकों का वेतन जारी होने के बारे में वह नहीं बता पाएंगे। सोमवार को सीईओ ही इस संबंध में बता पाएंगे।

**-डीएस राजपूत, डीईओ माध्यमिक ऊधम सिंह नगर।**

दिसंबर, 2023 से शिक्षण स्टाफ का वेतन नहीं मिला है। इस संबंध में 16, 29 अप्रैल, दो मई को पत्र लिखने के साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी से मुलाकात भी की गई है, मगर अभी तक वेतन जारी नहीं किया गया।

**-प्रीति अग्रवाल, प्रधानाचार्य गुरुनानक इंटर कालेज, रुद्रपुर।**

# ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्राह्मण महासभा द्वारा आज परशुराम चौक पर भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मन्दिर मनकामेश्वर के स्वामी नारायण चैतन्य जी के साथ अनेक गणमान्य अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किये गये। इस दौरान भगवान परशुराम जी की संगीतमयी स्तुति की गई। तत्पश्चात विशाल भण्डारा आयोजित किया गया।



इस अवसर पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड, पूर्व विधाायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व मेयर रामपाल,ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, महामंत्री संजीव शर्मा, नगर अध्यक्ष नितिन कौशिक, सीपी शर्मा,गजानन्द शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, हरीश पनेरू,अजीत कुमार शर्मा, अम्बुज शुक्ला, हिमांशु शुक्ला,हरीश कौशिक, विजय कुमार शर्मा, अशोक शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, राकेश तिवारी, अनिल शर्मा, मीना शर्मा, श्वेता मिश्रा, राज बहादुर शर्मा, विवेक कुमार दुबे, राकेश तिवारी, पदम शर्मा, पण्डित इन्द्रेश मिश्रा, पण्डित संदीप मिश्रा, देवेन्द्र कौशिक,धीरू त्रिपाठी, नवीन नैनवाल, कृष्ण वत्स,देव मैनन,धीरेन्द्र मिश्रा, पवन शर्मा, प्रवेश शर्मा,सुशील चौहान, ममता जीना,आशा मुन्जाल, सुभाषिनी द्विवेदी, रसना भारद्वाज, शालिनी, पुनीत शर्मा, दिनेश पाण्डे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डा.राहुल भारद्वाज ने किया।




